**प्रेस नोट - दिनांक 28.05.2025**

**थाना बिहार, जनपद उन्नाव।**

UNNAO POLICE

## पुलिस मुठभेड़ मे फायरिंग करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिहार पुलिस द्वारा दिनांक 26.05.2025 को थाना बिहार क्षेत्रांतर्गत हवाई फायरिंग की घटना में शामिल वांछित अभियुक्त को कब्जें से एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, व एक अदद खोखा कारतूस 12 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 26.05.2025 को थाना बिहार क्षेत्रांतर्गत ग्राम पांडेपुरवा मोड़ मंदिर के पास तीन मोटरसाइकिलों पर सवार चार व्यक्तियों द्वारा गलत तरीके से अखिलेश सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी ग्राम गुलरिहा थाना बिहार जनपद उन्नाव उम्र करीब 30 वर्ष की मोटरसाइकिल में लड़ाने का प्रयास किया जिसके कारण उनमे आपस में कहा सुनी होने लगी जिसके बाद उसमें से एक अभियुक्त पवन पुत्र जयकरन निवासी ग्राम भोजपुर थाना सरेनी जिला रायबरेली उम्र करीब 19 वर्ष ने अवैध तमंचा 315 बोर से फायर कर दिया जिसे स्थानीय नागरिको द्वारा मौके से पकड़ लिया गया था जिसके तीन अन्य साथी हवाई फायर करते हुए मौके से फरार हो गये थे। मौके से पुलिस द्वारा अभियुक्त को दो मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट, एक तमंचा 315 बोर तथा एक खोखा कारतूस बरामद कर हिरासत मे लिया गया। वादी से प्राप्त तहरीर एवं बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 183/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट बनाम उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। फरार तीनों वाँछित अभियुक्तों को पुलिस टीम द्वारा उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। दिनांक 27.05.2025 को समय करीब 23.30 बजे थाना बिहार पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत केदारखेड़ा-देवारा मार्ग पर चेकिंग की जा रही थी तभी मोटरसाइकिल से सवार तीन लोगो को रोकने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया गया आत्मरक्षार्थ पुलिस मुठभेड़ में एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसके पैर में गोली लगी है तथा दो अन्य मौके से भाग गये। घायल को इलाज हेतु जिला अस्पताल उन्नाव भेजा गया है, पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपना नाम संजय उर्फ टेनी पुत्र रामपाल उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर कलां थाना सरेनी जनपद रायबरेली बताया गया व अपने दो फरार साथियो के नाम 1.नाहर पुत्र भल्लू उम्र करीब 24 वर्ष 2.जितेन्द्र पुत्र जग्गू उम्र करीब 25 वर्ष बताये गये है। जिसके द्वारा दिनांक 26.05.2025 को थाना बिहार क्षेत्रान्तर्गत हवाई फायरिंग करने की घटना कारित की गयी थी। जिसके कब्जे से 01 तमंचा 12 बोर,01 जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

संजय उर्फ टेनी पुत्र रामपाल उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर कलां थाना सरेनी जनपद रायबरेली।

**बरामदगी का विवरण-** एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, व एक अदद खोखा कारतूस 12 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

## गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.थानाध्यक्ष श्री राहुल सिंह थाना बिहार उन्नाव
2.उ0नि0 बीरेन्द्र सिंह थाना बिहार उन्नाव।
3.उ0नि0 सज्जाद अली थाना बिहार उन्नाव।
4.हे0का0 बृजेश कमार थाना बिहार उन्नाव।
5.हे0का0 सईद अहमद थाना बिहार उन्नाव।
6.का0 अतुल कुमार थाना बिहार उन्नाव।
7.का0 शैलेष कुमार यादव थाना बिहार उन्नाव।

**प्रेस नोट - दिनांक 28.05.2025**

**थाना हसनगंज, जनपद उन्नाव।**

## अवैध देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हसनगंज पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को 20 क्वार्टर देशी शराब(दीवाना ब्रांड) बरामद गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** आज दिनांक 28.05.2025 को थाना हसनगंज पुलिस टीम व आबकारी टीम के द्वारा अभियुक्त रंजीत कुमार पुत्र रामपाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी नईसराय थाना हसनगंज जनपद उन्नाव को ग्राम नई सराय शराब ठेका के सामने किराना स्टोर की दुकान के पास से अवैध देशी शराब विक्री करते हुए एक थैले में 20 क्वार्टर देशी शराब(दीवाना ब्रांड) के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना हसनगंज पर मु0अ0सं0 164/2025 धारा 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

रंजीत कुमार पुत्र रामपाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी नईसराय थाना हसनगंज जनपद उन्नाव

**बरामदगी का विवरण** एक थैले में 20 क्वार्टर देशी शराब(दीवाना ब्रांड) मसालेदार

### गिरफ्तार करने वाली टीम-

1 आब0निरी0 श्रीमती ज्योति अग्रवाल
2. उ0नि0 श्री कल्लू राम यादव
3.आबकारी हे0का0 प्रकाश दीक्षित
4. हे0का0 जितेन्द्र सिंह यादव
5. का0 पंकज कुमार

